# University in News on 10 March 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि में दाखिले की दौड़ शुरू

### पहले दिन शाम चार बजे शुरु हुई प्रक्रिया, 200 से अधिक ने किए ऑनलाइन आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया मंगलवार शाम चार बजे से शुरू हो गई। पहले दिन 200 से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किए। प्रवेश आवेदन लविवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर होंगे। विद्यार्थियों को वेबसाइट पर एडमिशन सेक्शन में जाकर आवेदन करना है। स्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल व 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ 27 अप्रैल है। वहीं पीएचडी सत्र 2020-21 के आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल व 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ 22 अप्रैल है।

**ये हैं हेल्पलाइन नंबर**

आवेदकों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इन नंबरों पर छात्र सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बात कर सकते हैं।

- 0522- 4150500
- 7897999211
- 7897992062

**फॉर्म संबंधी सवाल यहां पूछें**

विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदक निम्न नंबरों पर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक फॉर्म से संबंधित दिक्कतों से जुड़े सवाल पूछ सकते हैं।

- 7991205011
- 7991205008
- 7991200640
- 7991200657
- 7991200516

**इन बातों का रखें ध्यान**

- अभ्यर्थी अपना ही मोबाइल नंबर फॉर्म में दें।
- अल्टरनेट मोबाइल नंबर अपने अभिभावक का दें।
- अभ्यर्थी अपना ही ई-मेल आईडी फॉर्म में दें।
- इनके माध्यम से ही कोई भी पत्राचार होगा।
- नियमों को ठीक से पढ़कर ही आवेदन करें।
- 12वीं के परीक्षार्थी एपियरिंग लिखकर आवेदन करें।
- किसी भी कोटे के आवेदन संबंधित प्रमाण पत्र अवश्य दें।



**केंद्रीकृत प्रवेश के लिए कॉलेजों से मांगे आवेदन**

**लखनऊ।** लविवि इस साल भी स्नातक में अपने कॉलेजों के लिए केंद्रीकृत प्रवेश की व्यवस्था रखेगा। इसके लिए विवि ने लखनऊ के साथ ही इसी साल जुड़े हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली जिले के कॉलेजों को भी आवेदन का विकल्प दिया है। इसके तहत आवेदन करने वाले विद्यार्थी लविवि के अलावा केंद्रीकृत प्रवेश से जुड़े कॉलेजों में भी प्रवेश का विकल्प भर सकेंगे। इसके लिए उन्हें अलग से फॉर्म नहीं भरना होगा। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की सूचना के मुताबिक सहयुक्त महाविद्यालय निर्धारित सहभागिता शुल्क प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के लिए प्रति पाठ्यक्रम एक लाख रुपये, सामान्य पाठ्यक्रम के लिए प्रति पाठ्यक्रम 50 हजार रुपये देंगे। इसके अतिरिक्त 18 फीसदी जीएसटी भी देना होगा। इसके लिए निर्धारित प्रारूप पर आवेदन 31 मार्च तक ई-मेल करना होगा। यूजी सामान्य व प्रोफेशनल और पीजी सामान्य व प्रोफेशनल कोर्सों की सूची भी जारी की गई है। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। पिछले साल शुरू की गई इस व्यवस्था में लगभग 70 कॉलेजों ने सहभागिता की थी। इस बार चार अन्य जिलों के 332 कॉलेज विश्वविद्यालय से संबद्ध हुए हैं, इसलिए इस बार कॉलेजों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

## RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

# स्नातक व पीएचडी के आवेदकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन जारी

लखनऊ (एसएनबी)। लविवि के कार्यवाहक कुलपति प्रो. बी.के. शुक्ल ने विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों एवं पीएचडी पाठ्यक्रम के आनलाइन आवेदन का प्रारंभ प्रवेश कार्यालय में किया। इस दौरान आवेदकों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय ने हेल्पलाइन नम्वर जारी किए हैं।

ज्ञात हो स्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अन्तिम तिथि 20 अप्रैल व विलम्व शुल्क के साथ 27 अप्रैल तक जमा किए जा सकते हैं। इसी प्रकार पीएचडी (2020-21) के आवेदन की 15 अप्रैल है, इसमें विलम्व शुल्क के साथ 22 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय के आवेदकों की सुविधा के लिए हेल्प लाइन नंवर 0522-4150500, 7897999211 व 7897992062 जारी किए हैं। इन नम्वरों पर प्रातः नौ वजे से शाम छह वजे तक आवेदक वात कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदक 10 मार्च से फार्म संवंधी प्रश्न 7991205011, 7991205008, 7991200640, 7991200657 व 7991200516 नम्वरों पर पूछ सकते हैं।

## HINDUSTAN PAGE 8

# एलयू: पहले दिन दाखिले के लिए 150 आवेदन आए

लखनऊ | **निज संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी, बीए समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों में मंगलवार से ऑनलाइन दाखिले शुरू हो गए है। पहले दिन करीब 150 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

कार्यवाहक कुलपति प्रो. बीके शुक्ल ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। विलंब शुल्क के साथ 27 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

पीएचडी सत्र 2020-21 में आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। वहीं विलम्ब शुल्क के साथ 22 अप्रैल तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। स्नातक प्रवेश फार्म के जनरल और ओबीसी अभ्यर्थियों को 800 रुपए का भुगतान करना होगा। जबकि एससी/एसटी अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए 400 रुपए का शुल्क लगेगा।

स्नातक प्रबंधन के लिए जनरल और ओबीसी अभ्यर्थियों को आवेदन के एक हजार रुपए खर्च करने होंगे। जबकि एससी/एसटी अभ्यर्थियों को 500 का भुगतान करना होगा। वहीं पीएचडी में आवेदन के लिए जनरल और ओबीसी अभ्यर्थियों को दो हजार का भुगतान करना होगा। एससी/ एसटी अभ्यर्थियों को एक हजार का भुगतान करना होगा।



**22** अप्रैल तक विलंब शुल्क से पीएचडी में आवेदन होंगे

**27** अप्रैल तक विलंब शुल्क से स्नातक में आवेदन होंगे

### विधि परीक्षाओं के लिए बनाए एक दर्जन केंद्र

एलयू की ओर से विधि तीन वर्षीय/ऑनर्स के प्रथम सेमेस्टरके लिए एक दर्जन परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षा नियंत्रक आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि न्यू कैंपस, शिया पीजी कॉलेज, श्री जय नारायण पीजी कॉलेज, मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज, डीएवी पीजी कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज, लखनऊ लॉ कॉलेज, अकबरी बेगम लॉ महाविद्यालय आदि को परीक्षा केंद्र बनाया है।

## JAGRAN CITY PAGE I

# यूजी और पीएचडी के लिए आवेदन शुरू हेल्पलाइन नंबर जारी

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक (यूजी) और पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू हो गए। विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. बीके शुक्ल ने प्रवेश कार्यालय में दोपहर तीन बजे आनलाइन आवेदन शुरू किया। विश्वविद्यालय ने आवेदन के लिए वेबसाइट पर विस्तृत निर्देश के साथ-साथ हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। अभ्यर्थी सुबह नौ से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

यूजी पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल है, जबकि लेट फीस के साथ 27 अप्रैल तक मौका है। वहीं, पीएचडी में प्रवेश के लिए 15 अप्रैल तक और लेट फीस के साथ 22 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने https:// youtubecBsCmvjmBaA पर फार्म भरने की जानकारी भी उपलब्ध कराई है।

**ये हैं हेल्पलाइन नंबर**

0522-4150500, 7897999211, 7897992062 (सुबह नौ से शाम छह बजे तक आवेदक बात कर सकते हैं)

**फार्म संबंधी समस्या के लिए यहां करें डायल**

7991205011, 7991205008, 7991200640, 7991200657, 7991200516 (**सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक**)

**जरूरी बातें**

- अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन में सिर्फ अपना मोबाइल नंबर भरें।
- ई-मेल आइडी भी अपनी भरें। इसी पर विश्वविद्यालय छात्र को मैसेज भेजेगा।
- जो इंटर की परीक्षा दे रहे हैं, वे आनलाइन आवेदन में अपेयरिंग लिख कर फार्म भर सकते हैं। अंक बाद में भरवाए जाएंगे।
- पिछले वर्षों में इंटर पास वाले भी यूजी के लिए फार्म भर सकते हैं, लेकिन शपथ पत्र देना होगा।

## NBT PAGE 3



# एलयू में हेल्पलाइन पर प्रवेश की हर जानकारी

**एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्नातक और पीएचडी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन का काउंट डाउन मंगलवार से शुरू हो गया। आवेदकों की सहूलियत के लिए एलयू ने हेल्पलाइन नंवर भी जारी किए हैं। एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने वताया कि हेल्पलाइन नंवर 0522-4150500, 7897999211, 7897992062 पर सुवह नौ वजे से शाम छह वजे तक प्रवेश से जुड़ी जानकारी हासिल की जा सकती है। वहीं, 7991205011, 7991205008, 7991200640, 7991200657 व 7991200516 पर सुवह 11 से शाम 4 वजे तक फॉर्म भरने से जुड़े सवाल पूछे जा सकते हैं।

## AMRIT VICHAR PAGE 3

### लविवि ने हेल्प लाइन नंबर किए जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. बीके शुक्ल ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के स्नातक और पीएचडी पाठ्यक्रमों के आनलाइन आवेदन का प्रारंभ प्रवेश कार्यालय में किया। स्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल है जबकि विलम्ब शुल्क के साथ 27 अप्रैल है। वहीं, पीएचडी (2020-21) के आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है और विलम्ब शुल्क के साथ 22 अप्रैल है। विश्वविद्यालय की ओर से आवेदकों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त https://youtu.be/cBsCmvjmBaA पर जाकर आवेदक फार्म भरने की जानकारी कर सकते हैं। आवेदकों के लिए हेल्प लाइन नंबर : 0522-4150500, 7897999211, 7897992062। (उपरोक्त नंबरों पर सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक आवेदक बात कर सकते हैं। निम्न नम्बरों पर सुबह 11 बजे से चार बजे तक 10 मार्च से आवेदक फार्म सम्बन्धित प्रश्न पूछ सकते है। 7991205011, 7991205008, 7991200640, 7991200657, 7991200516।

### विधि परीक्षा के केंद्र घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विधि त्रिवर्षीय व आनर्स की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्र घोषित कर दिए है। यह परीक्षा 12 केंद्रों पर सांध्यकालीन की पाली दो से साढ़े तीन बजे तक आयोजित होगी। केंद्रों की सूची विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दी गई है।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि ने जारी किये हेल्प लाइन नंबर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रोण बीके शुक्ल ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के स्नातक और पीएचडी पाठ्यक्रमों के आनलाइन आवेदन का प्रारंभ प्रवेश कार्यालय में किया। स्नातक पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल है जबकि विलम्ब शुल्क के साथ 27 अप्रैल है। वहीं पीएचडी 2020-21 के आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है और विलम्ब शुल्क के साथ 22 अप्रैल है। विश्वविद्यालय की ओर से आवेदकों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त बेवसाइट पर जाकर आवेदक फार्म भरने की जानकारी कर सकते हैं। आवेदकों के लिए हेल्प लाइन नंबर 522-4150500, 7897999211,7897992062 पर सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक आवेदक बात कर सकते हैं। इसके अलावा 7991205011, 7991205008, 7991200640, 7991200657,7991200516ा नम्बरों पर सुबह 11 बजे से चार बजे तक 10 मार्च से आवेदक फार्म सम्बन्धित प्रश्न पूछ सकते है।

### विधि परीक्षा के केंद्र घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विधि त्रिवर्षीय व आनर्स की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्र घोषित कर दिए है। यह परीक्षा 12 केंद्रों पर सांध्यकालीन की पाली दो से साढ़े तीन बजे तक आयोजित होगी। केंद्रों की सूची विवि की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

## VISHWAVARTA PAGE 3

# केन्द्रीकृत प्रवेश के लिए कॉलेज कर सकते हैं 31 तक आवेदन

» कुल सचिव ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो को भेजा पत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2021-22 में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। विश्वविद्यालय ने पिछले साल की तर्ज पर इस बार भी कालेजों के लिए केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने का विकल्प खोल दिया है। इस बार लखनऊ के अलावा हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली के कालेज भी विश्वविद्यालय से जुड़ चुके हैं। ऐसे में जो कालेज इस प्रक्रिया में शामिल होना चाहते हैं, वे 31 मार्च तक पाठ्यक्रम का विवरण व संबंधित शुल्क जमा कर ई-मेल lucentraizedad-mission2021 <\@>gmail.com पर आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सभी प्राचार्यों को पत्र जारी किया है। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध लखनऊ में 174 कालेज संचालित हैं। पिछले साल कानपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चार जिलों के 350 कालेज भी लविवि से सम्बद्ध हो गए। अब नए सत्र से यह कालेज भी विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार ही संचालित होंगे। वर्ष 2020-21 में जब विश्वविद्यालय ने लखनऊ के 68 महाविद्यालय केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े थे। इनमें विश्वविद्यालय की काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र प्रवेश के लिए भेजे गए। अब नए सत्र में चार अन्य जिलों के कालेज भी आने से विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ गया है। विश्वविद्यालय चाहता है कि ज्यादा से ज्यादा कालेज इस प्रक्रिया से जुड़ें। इसलिए सभी कालेजों को 31 मार्च तक आवेदन का समय दिया गया है। जो कालेज विश्वविद्यालय के साथ प्रवेश प्रक्रिया में आना चाहते हैं, काउंसिलिंग के माध्यम से उनके प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इसके लिए सामान्य एवं प्रोफेशनल सहभागिता शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

ये है आवेदन फीस

प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के लिए प्रति महाविद्यालय प्रति कोर्स : एक लाख रुपये और 18 फीसद जीएसटी

सामान्य पाठ्यक्रम के लिए प्रति महाविद्यालय प्रति कोर्स : 50 हजार रुपये व 18 फीसद जीएसटी